आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 15.04.2026** **समय : 07.10PM**

मुख्य समाचार :—

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करके स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने का आह्वान किया।**
- **माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम घोषित।**
- **संसद का तीन दिवसीय सत्र कल से, नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने पर होगी चर्चा।**
- **मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी की।**

प्रधानमंत्री—कर्नाटक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से स्वदेशी उत्पादों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करके स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। आज कर्नाटक के मांड्या के पास आदिचुंचनगिरी मठ में गुरु भैरवैक्य मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करके भारतीयों द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने कम खाद्य तेल का उपयोग करके मोटापे से बचने के लिए बाजरा का सेवन करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि योग, खेल और फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होने चाहिए।

एमपी बोर्ड रिजल्ट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इस बारे में और अधिक जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता —

**सीबीएसई 10वीं परिणाम**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 10वी की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बोर्ड ने बताया कि कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 93 दशमलव सात-शून्य प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य चार प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष भी लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों से अधिक रहा। लड़कियों का उतीर्ण प्रतिशत 94 दशमलव नौ-नौ प्रतिशत दर्ज किया है। छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइटों **cbse.gov.in, results.cbse.nic.in** और **cbseresults.nic.in** पर देख सकते हैं।

नारी शक्ति वंदन'—राज्य स्तरीय कार्यक्रम

प्रदेश में 'नारी शक्ति वंदन पखवाड़े' के तहत आज भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिलाओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

महिलाओं और बेटियों को शिक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के अवसर प्रदान करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में पद्मश्री विभूतियों से लेकर डॉक्टर, वकील, कलाकार, लाड़ली बहना और स्व–सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में 'महिला नेतृत्व की यात्रा' विषय पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## गेहूँ का उपार्जन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि गेहूँ का उपार्जन सभी संभागों में शुरू हो चुका है। अभी तक 2 लाख 58 हजार 644 किसानों द्वारा 1 करोड़ 13 लाख 95 हजार 407 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसान गेहूँ बिक्रय के लिये 24 अप्रैल तक स्लॉट बुक कर सकते हैं। खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक

केंद्र सरकार ने कल से संसद सत्र बुलाया है। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आरक्षण देने के लिए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करना और इसे 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले लागू करना है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि सभी प्रावधानों पर सावधानीपूर्वक विचार किया गया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में श्री रिजिजू ने कहा कि प्रत्येक राज्य को निष्पक्ष रूप से ध्यान में रखते हुए सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक संतुलित है और यह प्रत्येक समुदाय, क्षेत्र और राज्य की आकांक्षाओं का ध्यान रखेगा।

## सरकार-पश्चिम एशिया ब्रीफिंग

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने देश भर में घरेलू एलपीजी की शत-प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की है। आज नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश भर में एलपीजी की घरेलू आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। उन्होंने बताया कि एलपीजी सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए दो हजार एक सौ छापे मारे गए।

**<u>मुख्यमंत्री किसान बिजली</u>**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को निर्बाध रूप से सस्ती बिजली सुलभ कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इस काम के लिए सरकार किसानों को हर जरूरी मदद देने को तैयार है। आज मंत्रालय में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग की प्रचलित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सस्ती बिजली मिलेगी, तो वे अपना उत्पादन भी बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की प्रगति में भी योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ऊर्जा प्राप्ति के लिए उन्हें स्वयं ऊर्जा उत्पादक बनाया जाए। इसके लिए किसानों को हरित ऊर्जा उत्पादन से जोड़ा जाए। ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ही हम किसानों का जीवन स्तर बेहतर बना सकते हैं।

**<u>मौसम</u>**

प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि रात का पारा भी 25 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। राजधानी भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर जैसे बड़े शहरों में भी तेज गर्मी का असर साफ नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने 16 अप्रैल से प्रदेश में लू चलने की चेतावनी जारी की है। 16 से 18 अप्रैल के बीच कई जिलों में हीट वेव का असर देखने को मिलेगा। इनमें रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, बड़वानी, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, मंडला और बालाघाट प्रमुख हैं।

**<u>समाचार संक्षेप में :–</u>**

- केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में आज अनुवाद कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा जिले के ग्राम दाबड़िया में आज विधिक जागरूकता शिविर में निःशुल्क विधिक सहायता एवं मनरेगा योजना की जानकारी प्रदान की गई।
- छिन्दवाड़ा के आंगनवाड़ी केंद्र बेलखेड़ी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।
- विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने खण्डवा जिले के नेतनगांव में पूर्व सांसद स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान की प्रतिमा का अनावरण किया।
- शहडोल जिले में समर्थन मूल्य पर आज से गेहूं खरीदी का काम शुरू हो गया है।
- **नीमच जिले में प्रथम चरण की जनगणना के लिए प्रशिक्षण कार्यकम दो चरणों में 15 से 17 एव 23 से 25 अप्रेल तक आयोजित किया जा रहा है।**
- **गुना में युवा सग्राम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 22 अप्रैल को किया जायेगा।**

..........................